**Udaya Public School, Ayodhya**
**Final Examination 2022-23**
**Class XI Subject: Hindi**

**समय : ३ घंटे** **अधिकतम अंक: 80**

**नोट: समस्त प्रश्न अनिवार्य हैं**

## खंड 'अ' वस्तुपरक प्रश्न(40 अंक)

**Q1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **(1x10=10)**

हमेशा से ही भारत की कलाएं और हस्तशिल्प इसकी सांस्कृतिक और परंपरागत प्रभावशीलता को अभिव्यक्त करने का माध्यम रही है। भारत की विभिन्न प्रदेशों में कला की अपनी एक विशेष शैली और पद्धति है, जिसे लोक कला के नाम से जाना है। लोक कला के अलावा भी परंपरागत कला का एक अन्य रूप है, जो अलग-अलग जनजातियों और देहात के लोगों में प्रचलित है। इसे जनजातीय कला के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

भारत की लोक और जनजातीय कलाएं बहुत ही पारंपरिक और साधारण होने पर भी इतनी सजीव और प्रभावशाली है कि उनसे देश की समृद्ध विरासत का अनुमान स्वतः ही लग जाता है।

अपने परंपरागत सौंदर्य भाव और प्रामाणिकता के कारण भारतीय लोक कला की अंतर्राष्ट्रीय बाजार में संभावना बहुत प्रबल है। भारत की ग्रामीण लोक चित्रकारी के डिजाइन बहुत सुंदर है, जिसमें धार्मिक और आध्यात्मिक चित्रों को उभारा गया है। तथापि लोक कला केवल चित्रकारी तक ही सीमित नहीं है। इसके अन्य रूप भी है, जैसे-मिट्टी के बर्तन, गृह सज्जा, जेवर, वस्त्र डिज़ाइन आदि| वास्तव में, भारत के कुछ प्रदेशों में बने मिट्टी के बर्तन तो अपने विशिष्ट और परंपरागत सौंदर्य के कारण विदेशी पर्यटकों के बीच बहुत ही लोकप्रिय है। इसके अलावा, भारत के आंचलिक नृत्य, जैसे-पंजाब का भांगड़ा, गुजरात का डांडिया, असम का बिहू नृत्य आदि, उन प्रदेशों की सांस्कृतिक विरासत को अभिव्यक्त करते हैं और यही भारतीय लोक कला के क्षेत्र में प्रमुख दावेदार है।

भारत सरकार और विभिन्न संस्थाओं ने कला के उन रूपों को बढ़ावा देने का हर संभव प्रयास किया है, जो भारत की सांस्कृतिक पहचान का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

**I.** प्रस्तुत गद्यांश के अनुसार, लोक कला से क्या अभिप्राय है?
(क) सभी प्रदेशों की फला की अपनी शैली या पद्धति (ख) मूर्तियाँ बनाने की एक विशेष कला (ग) संगीत की एक विशेष शैली
(घ) शिक्षा की अपनी एक विशिष्ट पद्धति

**II.** परंपरागत कला के कौन-से रूप हैं?
(क) लोक कला (ख) जनजातीय कला (ग) (क) और (ख) दोनों (घ) उपरोक्त में से कोई नहीं

**III.** अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारतीय लोक कलाओं की क्या स्थिति है?
(क) वे काफी निचले स्तर पर हैं (ख) वे काफी लोकप्रिय हैं (ग) माध्यम स्तर पर हैं (घ) अत्यधिक विस्तृत हैं

**IV.** भारत के आंचलिक नृत्यों की क्या विशेषता है?
(क) सम्बन्धित प्रदेशों की सांस्कृतिक विरासत को प्रभावी ढंग से व्यक्त करने की अभिव्यक्ति
(ख) सम्बन्धित प्रदेशों के व्यवसाय , सामाजिक स्तर को व्यक्त करने की अभिव्यक्ति
(ग) सम्पूर्ण भारत की कला को व्यक्त करने की अभिव्यक्ति (घ) उपरोक्त में से कोई नहीं

**V.** प्रस्तुत गद्यांश का सर्वाधिक उचित शीर्षक लिखिए-
(क) प्रादेशिक कलाएं (ख) भारतीय कलाएं (ग) कलाओ का प्रदर्शन (घ) विविध संस्कृतियाँ

**VI.** लोक कला के अतिरिक्त कला को किस नाम से जाना जाता है?
(क)राष्ट्रीय कला (ख) अंतर्राष्ट्रीय कला (ग) जातीय कला (घ) जनजातीय कला

**VII.** भारत की समृद्ध विरासत का अनुमान किसके द्वारा लगाया जा सकता है?
(क) लोक कला (ख) जनजातीय कला (ग) (क) और (ख) दोनों (घ) ग्रामीण जनजीवन

**VIII.** भारत के धार्मिक और आध्यात्मिक चित्रों को किसमें उभारा गया है?
(क) हस्त शिल्प मे (ख) ग्रामीण लोक चित्रकारी (ग) आंचलिक नृत्यों मे (घ) वस्त्र आदि के डिज़ाइन मे

**IX.** भारतीय लोक कला के क्षेत्र में प्रमुख दावेदार किसे माना गया है?
(क) हस्तकला (ख) जनजातीय कलाएं (ग) लोक चित्रकारी (घ) आंचलिक नृत्य

**X.** भारत सरकार और विभिन्न संस्थाओं ने कला के किन रूपों को बढ़ावा देने का हर सम्भव प्रयास किया है?
(क) क्षेत्रीय संस्कृति के पहचान को (ख) जनजातीय कलाओं को (ग) परम्परागत प्रभावशीलता को
(घ) भारत की सांस्कृतिक पहचान को

**Q2. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **(1x5=5)**

**एक बार मुझे आँकड़ों की उल्टियाँ होने लगी**
**गिनते-गिनते जब संख्या**
**करोड़ो को पार करने लगी**
**मैं बेहोश हो गया**
**होश आया तो मैं अस्पताल में था**
**खून चढ़ाया जा रहा था**
**ऑक्सीजन दी जा रही थी**
**कि मैं चिल्लाया**
**डॉक्टर मुझे बुरी तरह हँसी आ रही**
**यह हँसाने वाली गैस है शायद**
**प्राण बचाने वाली नहीं**
**तुम मुझे हँसने पर मजबूर नहीं कर सकते**
**इस देश में हर एक को अफसोस के साथ जीने का**
**पैदाइशी हक है वरना**
**कोई माने नही रखते हमारी आज़ादी प्रजातंत्र**
**बोलिये नहीं - नर्स ने कहा बेहद कमज़ोर हैं आप**
**बड़ी मुश्किल से काबू मे आया हैं रक्तचाप**
**डॉक्टर ने समझाया - आंकड़ों का वायरस**
**बुरी तरह फैल रहा आजकल**
**सीधे दिमाग पर असर करता**
**भाग्यवान है आप कि बच गए**
**कुछ भी हो सकता था आपको**
**सन्निपात कि आप बोलते ही चले जाते**
**या पक्षाघात कि हमेशा के लिए बंद हो जाता**
**आपका बोलना**
**मस्तिष्क की कोई भी नस फट सकती थी**
**इतनी बड़ी संख्या के दबाव से**
**हम सब एक नाजुक दौर से गुजर रहे**
**तादाद के मामले में उत्तेजना घातक हो सकती है.**
**आँकड़ों पर कई दवा काम नहीं करती**
**शांति से काम लें**
**अगर बच गए आप तो करोड़ों में एक हो…**
**अचानक मुझे लगा**
**ख़तरों से सावधान कराते के संकेत- चिन्ह मे**
**बदल गई थी डॉक्टर की सूरत**
**और मै आंकड़ों का काटा**
**चीखता चला जा रहा था**
**की हम आंकड़े नहीं आदमी हैं।**

**I.** डॉक्टर के अनुसार, आँकड़े क्या कर सकते हैं?
(क) बहुत अधिक चिंताग्रस्त कर सकते हैं। (ख) बहुत अधिक उत्तेजित कर सकते हैं
(ग) आँकड़ों की तादाद के अनुसार इंसान का मूल्य घट-बढ़ सकता है। (घ) चित्त भ्रांत कर उल्टा-सीधा बोलने पर मजबूर कर सकते हैं।

**II.** कविता का सटीक केंद्रीय भाव किसे कहा जा सकता है?
(क) इंसान का अस्तित्व उसकी सोच व भावनाएँ अब एक आँकड़ा मात्र रह गई हैं।
(ख) आँकड़े मानवता की बारीकियों व अन्य सामाजिक पहलुओं का समावेश नहीं है।
(ग) अफसोस के साथ जीने का अधिकार जन्मसिद्ध है
(घ) इंसान के गुण, प्रतिभा व विशेषताएँ आज की स्थिति में गौण हो गए हैं

**III.** अफसोस के साथ जीने का पैदाइशी हक संविधान में दिए गए किस अधिकार के अंतर्गत आएगा?
(क) अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता (ख) शोषण के विरुद्ध (ग) संवैधानिक उपचार (घ) संस्कृति व शिक्षा

**IV.** 'आँकड़ों की उल्टियाँ' से कवि का क्या तात्पर्य है?
(क) आंकड़े इतने अधिक थे कि दिमाग उन्हें स्वीकार नहीं कर रहा था (ख) आंकड़े इतने सटीक थे की लेखक का दिमाग़ भ्रमित हो गया था (ग) आंकड़ों मे निहित निष्कर्ष अत्यंत खेदजनक एवं उपायहीन थ। (घ) आंकड़े इतनी तेजी से बढ़ रहे थे की सन्निपात का रोग हो सकता था।

**V.** तादाद के मामले में उत्तेजना घातक हो सकती है" पंक्ति का सही भावार्थ हो सकता है-
(क) तादाद घातीय प्रकार से वृद्धि कर उत्तेजित कर सकती है (ख) तादाद द्वारा जनित उत्तेजना प्राण नाशक हो सकती है
(ग) समझदार लोग तादाद की घात से प्रभावित नहीं होते हैं। (घ) उत्तेजना की तादाद मनुष्य के पतन का एक मुख्य कारण हो सकती है

**Q3. निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प का चयन कीजिए। (1x5=5)**

**(i)** संचार प्रक्रिया में प्राप्तकर्ता की प्रतिक्रिया क्या कहलाती है?
(क) शोर (नॉइज़ ) (ख) फीडबैक (ग) कूटीकृत (एन्कोडिंग) (घ) माध्यम

**(ii)** संचार प्रक्रिया में आने वाली बाधाओं को क्या कहते हैं?
(क) फीडबैक (ख) एनकोडिंग ग) शोर (घ) स्रोत

**(ii)** किस संचार प्रक्रिया में संचारक और प्राप्तकर्ता एक ही व्यक्ति होता है?
(क)अन्तः वैक्तित्व संचार (ख) अन्तर्वैयक्तित्व संचार (ग) समूह संचार (घ) जनसंचार

**(iv)** समाचार-पत्र का सबसे महत्त्वपूर्ण पृष्ठ माना जाता है।
(क) मुख्य पृष्ठ को (ख) कार्टून कोने को (ग) संपादकीय को (घ) खेल पृष्ठ को

**(v)** निम्न में से हस्ताक्षरित संपादकीय किसे कहा जाता है?
(क) कार्टोग्राफ़ को (ख) कार्टून कोने को (ग) संपादकीय को (घ) फोटो पत्रकारिता को

**Q4. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए ।** **(1x5=5)**

**हे भूख! मत मचल**
**प्यास, तड़प मत**
**हे नींद! मत सता**
**क्रोध, मचा मत उथल-पुथल**
**हे मोह! पाश अपने ढील**
**लोभ, मत ललचा**
**हे मद! मत कर मदहोश**
**ईर्ष्या, जला मत**
**ओ चराचर! मत चूक अवसर**
**आई हूँ संदेश लेकर चन्नमल्लिकार्जुन का**

**(i)** प्रस्तुत पद्यांश में कवयित्री क्या आग्रह कर रही है?

(क) अपनी इंद्रियों को नियंत्रण में रहने का (ख) दीन-हीनों की सहायता करने का (ग) भौतिक सुख-सुविधाओं को पाने का
(घ) इनमें से कोई नहीं

**(ii)** पद्यांश में 'प्यास' से क्या तात्पर्य है?

(क) पानी की प्यास से (ख) आलस्य से (ग) सांसारिक तृष्णा से (घ) क्रोध से

**(iii)** क्रोध से क्या हानि होती है?

(क) मनुष्य का विवेक नष्ट हो जाता है। (ख) मनुष्य का ज्ञान नष्ट हो जाता है (ग) मनुष्य की चेतना लुप्त हो जाती है
(घ) मनुष्य की आत्मा मर जाती है

**(iv)** 'चन्नमल्लिकार्जुन' कौन है?

(क) कोई देवता (ख) विष्णु (ग) यमराज (घ) शिवजी

**(v)** प्रस्तुत संपूर्ण पद्यांश में कौन-सा अलंकार है?

(क) विरोधाभास (ख) मानवीकरण (ग) विभावना (घ) अतिशयोक्ति

**Q5. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए ।** **(1x5=5)**

हाँ कॉपी लौटाते हुए कहा था कि तुमने किया तो अच्छा है पर यह तो हाफ-ईयरली है... बहुत आसान पेपर होता है इसका तो| अब अगर ईयरली में भी पूरे नंबर लेने है तो तुरंत ट्यूशन लेना शुरू कर दो वरना रह जाओगे| सात लड़कों ने तो शुरू भी कर दिया था। पर मैंने जब मम्मी-पापा से कहा, हमेशा बस एक ही जवाब (मम्मी की नकल उतारते हुए) मैथ्स में तो तू वैसे ही बहुत अच्छा है, क्या करेगा ट्यूशन लेकर? देख लिया अब? सिक्स्थ पोजीशन आई है मेरी। जो आज तक कभी नहीं आई थी। (अमित की आँखों से फिर आँसू टपक पड़ते हैं।)

**(i)** अमित के अध्यापक उसे क्या कह रहे थे?

(क) ट्यूशन लगाने के लिए (ख) और अधिक पढ़ने के लिए (ग) गणित पर ध्यान देने के लिए (घ) उपरोक्त में से कोई नहीं

**(ii)** गद्यांश के अनुसार, कितने लड़कों ने ट्यूशन लेना शुरू भी कर दिया था?

(क) आठ (ख) दस (ग) बारह (घ) सात

**(iii)** अमित की मम्मी ने उसे गणित का ट्यूशन लगाने से मना क्यों किया?

(क) घर में ट्यूशन के लिए अधिक पैसे नहीं थे (ख) क्योंकि अमित गणित में होशियार था
(ग) क्योंकि अमित गणित में अच्छे अंक नहीं लाया था (घ) उपरोक्त सभी

**(iv)** अमित की कौन-सी पॉजीशन आ गई थी?

(क) फर्स्ट (ख) सेकन्ड (ग) थर्ड (घ) सिक्स्थ

**(v)** 'तुरंत' का पर्यायवाची होगा

(क) त्वरित (ख) अत्यंत (ग) कमी (घ) सर्वदा

**Q6. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिए सही विकल्प का चयन कीजिए।** **(1x10=10)**

**(i)** बेबी का विवाह कितने वर्ष की आयु में हुआ था

(क) **10** वर्ष की आयु में (ख) **15** वर्ष की आयु में (ग) **16** वर्ष की आयु में (घ) **13** वर्ष की आयु में

**(ii)** बेबी हालदार के कितने बच्चे थे?

(क) दो बच्चे (ख) तीन (ग) चार बच्चे (घ) पाँच बच्चे

**(iii)** बेबी हालदार को काम दिलवाने में किसने मदद की?

(क) सुनील ने (ख) भोला दास ने (ग) उसके भाई ने (घ) ये सभी

**(iv)** 'कुंई' शब्द का क्या अर्थ है?

(क) गहरा कुँआ (ख) छोटा-सा कुआँ (ग) खुला स्थान (घ) गहरा स्थान

**(v)** गद्यांश के अनुसार, कुंई की कितनी गहराई तक खुदाई हो चुकी थी?

(क) पच्चीस-तीस हाथ (ख) पैंतीस-चालीस हाथ (ग) तीस पैंतीस हाथ (घ) बीस-पच्चीस हाथ

**(vi)** कुंई की खुदाई किससे की जाती है?

(क) कुदाल से (ख) फावड़े से (ग) बसौली से (घ) (घ) दराँती से

**(vii)** चेलवांजी अपने सिर पर किस प्रकार का टोप पहनते हैं?

(क) किसी धातु के बर्तन का (ख) सूती कपड़े से बना (ग) लकड़ी से बना (घ) इनमें से कोई नहीं

**(viii)** लता मंगेशकर के पिता का क्या नाम था?

(क) भोलानाथ मंगेशकर (ख) ध्रुवनाथ मंगेशकर (ग) दीनानाथ मंगेशकर (घ) बालकनाथ मंगेशकर

**(ix)** लता मंगेशकर से पहले किस प्रसिद्ध गायिका का बोलबाला था?

(क) सुमन कल्याणपुरी (ख) नूरजहाँ (ग) गीतादत (घ) आशा भोंसले

**(x)** श्री विलायत खाँ कौन-से संगीत में पारंगत हो चुके थे?

(क) तबला बजाने में (ख) बैंजों में (ग) सितार वादन में (घ) बाँसुरी वादन में

**खंड 'ब' वर्णनात्मक प्रश्न (40 अंक)**

**Q7. दिए गए चार अप्रत्याशित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 120 शब्दों में रचनात्मक लेखन कीजिए। 6**

(क) टेलीविजन पर देखा गया प्रथम धारावाहिक (ख) विद्यालय का पुस्तकालय (ग) रेल यात्रा का वर्णन

(घ) आपके क्षेत्र के मेले का दृश्य

**Q8. एक दैनिक समाचार-पत्र को अपनी प्रसार संख्या बढ़ाने के लिए ग्रीष्मावकाश में घर-घर जाकर प्रचार करने वाले नवयुवकों/नवयुवतियों की आवश्यकता है। अपनी योग्यता, रुचि, अनुभव आदि का विवरण देते हुए दैनिक पत्र के वाणिज्य प्रबंधक को आवेदन-पत्र लिखिए। 6**

**अथवा**

**आप बुखार से पीड़ित हैं। चिकित्सक द्वारा आपको आराम करने का परामर्श देने का हवाला देते हुए प्रधानाचार्य जी को एक सप्ताह के अवकाश के लिए प्रार्थना पत्र लिखिए।**

**Q9. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 4**

(क) डायरी क्या है?

**अथवा**

आपने जब पहली बार किसी नाटक में भाग लिया। इस अनुभव को डायरी में लिखिए।

(ख) पटकथा से क्या तात्पर्य है? **4**

**अथवा**

स्क्रीनप्ले में क्या-क्या होता है?

**Q10. निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (2x2=4)**

(क) स्ववृत्त क्या होता है? (ख) आवेदन-पत्र कैसे लिखा जाता है कोश क्या है? (ग) शब्द कोश क्या है?

**Q11. निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

(क) कबीर की दृष्टि से ईश्वर एक है। इसके समर्थन में उन्होंने क्या तर्क दिए हैं?

(ख) 'विष का प्याला राणा भेज्या, पीवत मीरा हाँसी' इन पंक्तियों से क्या अभिप्राय है? 'मीरा के पदों' के आधार पर बताइए।

(ग) 'घर की याद' कविता के आधार पर पानी के रात भर गिरने और प्राण मन के घिरने में परस्पर क्या संबंध है?

**Q12. निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (3x2=6)**

(क) कवि ने 'मेहनत की लूट सबसे खतरनाक नहीं होती है' से कविता का आरंभ करके फिर इसी से अंत क्यों किया? कविता के आधार पर बताइए।

(ख) मीरा ने किसे आनंद का फल कहा है और इसकी प्राप्ति कैसे हुई?

(ग) 'आओ मिलकर बचाएँ' कविता के आधार पर बताइए कि बस्तियों के नंगे होने का अर्थ क्या है?

**Q13. निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (3x2=6)**

(क) मियाँ नसीरुद्दीन दुःखी क्यों हैं?

(ख) 'गलता लोहा' कहानी में चित्रित सामाजिक परिस्थितियों का वर्णन कीजिए।

(ग) जवाहर लाल नेहरू ने देहात के लोगों को हिंदुस्तान के बारे में क्या बताया?

**Q14. निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (2x2=4)**

(क) मुंशी वंशीधर को ईमानदारी का क्या फल मिला?

(ख) रजनी ने हेडमास्टर से कुर्सी छोड़ने की बात क्यों की?

(ग) नेहरू जी किसानों को किन-किन समस्याओं से परिचित कराते थे?